EDMONTON PUBLIC SCHOOLS

BOARD OF TRUSTEES
WARD A Sherri O'Keefe
WARD B Marsha Nelson
WARD C Marcia Hole
WARD D Trisha Estabrooks
WARD E Dawn Hancock
WARD F Julie Kusiek
WARD G Saadiq Sumar
WARD H Nathan Ip
WARD I Jan Sawyer

SUPERINTENDENT OF SCHOOLS
Darrel Robertson

Centre for Education
1 Kingsway NW
Edmonton AB T5H 4G9

T 780-429-8000
F 780-429-8318
E info@epsb.ca

October 24, 2022

प्रिय माता-पिता, अभिभावक और परिवार के सदस्य,

आने वाले पतझड़ के मौसम में एडमंटन पब्लिक स्कूल्स, यहाँ पढ़ने वाले विद्यार्थियों की विविधता को बेहतर तरीके से समझने की दिशा में अपना काम आरंभ कर रहा है। इस जानकारी से सभी विद्यार्थियों के बीच स्कूल को सौहार्दपूर्ण और सुरक्षित बनाने की दिशा में हमारे द्वारा उठाए जाने वाले कदमों को जानने में मदद मिलेगी। आने वाले सप्ताहों में ग्रेड 4 से 12 के विद्यार्थियों को **विद्यार्थी जनसांख्यिकीय सर्वेक्षण** में भाग लेने का अवसर मिलेगा।

प्रतिभागी विद्यार्थियों की निजता को ध्यान में रखते हुए कक्षा के दौरान वे इस सर्वेक्षण को पूरा करेंगे और स्कूल के कर्मचारी विद्यार्थियों को ज़रूरत पड़ने पर सहायता के लिए उपलब्ध रहेंगे। सर्वेक्षण के सभी प्रश्न वैकल्पिक हैं, यानी आपके बच्चे को केवल उन्हीं प्रश्नों के उत्तर देने होंगे जिनका उत्तर देने में वह सहज महसूस करता हो।

विद्यार्थी जनसांख्यिकीय सर्वेक्षण क्या है?

वर्ष 2021 के पतझड़ के मौसम में एडमंटन पब्लिक स्कूल्स ने डिविज़न में नस्लवाद की समस्या से निपटने और समानता के प्रसार की दिशा में कदम उठाने के लिए Anti-racism and Equity Action Plan (नस्लवाद-रोधी एवं समानता कार्रवाई योजना) को जारी किया। इस योजना को तीन प्रमुख क्षेत्रों को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है। इन क्षेत्रों का विकास विद्यार्थियों, कर्मचारियों, परिवारों के जीवंत अनुभवों को सुनने के बाद और 2020-2021 समानता परामर्श समिति की अनुशंसाओं को ध्यान में रखते हुए किया गया था। इस योजना में पहचाने गए तीन प्रमुख क्षेत्रों में से एक क्षेत्र का संबंध अतिरिक्त जनसांख्यिकीय डेटा इकट्ठा कर विद्यार्थियों के बारे में और अधिक जानकारी हासिल करना है ताकि उचित कदम उठाते हुए सकारात्मक बदलाव लाया जा सके।

इस सर्वेक्षण के माध्यम से, विद्यार्थियों को आमंत्रित कर उन्हें जानकारी देने को कहा जाएगा, जिसका संबंध इनसे है:

- मूल निवास की पहचान
- नस्लीय पहचान
- जातियता
- धर्म या आध्यात्मिक झुकाव
- लैंगिक पहचान
- यौन वरियता *(केवल ग्रेड 7-12)*

क्यों डिविज़न द्वारा इस जानकारी को मांगा जा रहा है?

विद्यार्थी जनसांख्यिकीय सर्वेक्षण से प्राप्त डेटा हमें विद्यार्थियों की विविधता को बेहतर तरीके से समझने में मदद करेगा। इस डेटा का विश्लेषण डिविज़न के पास पहले से उपलब्ध अन्य डेटा के साथ किया जाएगा। यह जानकारी एडमंटन पब्लिक स्कूल्स को यह समझने में बेहतर तरीके से मदद करेगी कि विद्यार्थियों के विभिन्न समूहों को स्कूल में कैसा अनुभव मिलता है ताकि विद्यार्थियों को सफल बनाने में सहायता के लिए उचित कदम उठाए जा सकें।

जनसांख्यिकीय सर्वेक्षण से प्राप्त आरंभिक निष्कर्षों और रुझानों का अवलोकन समुदाय के साथ साझा किया जाएगा। यह जानकारी अलग-अलग स्कूलों या विद्यार्थीयों की पहचान नहीं करेगी।

आपके बच्चे की जानकारी की निजता और सुरक्षा

विद्यार्थियों की जानकारी संवेदनशील और गोपनीय होती है। जानकारी के अच्छे संरक्षक होने के नाते, एडमंटन पब्लिक स्कूल्स द्वारा विद्यार्थियों की जानकारी और डेटा को इकट्ठा करने, संग्रहीत करने और उसकी सुरक्षा के लिए *Freedom of Information and Protection of Privacy Act* (FOIP) (सूचना की आज़ादी और निजता की सुरक्षा अधिनियम) और सर्वश्रेष्ठ अभ्यासों का पालन किया जाता है।

विद्यार्थियों की प्रतिक्रियाओं पर निगरानी कौन रखेगा?

विद्यार्थियों की अलग-अलग प्रतिक्रियाओं को केंद्रीय सर्वर पर सुरक्षित रूप से संग्रहीत किया जाएगा और जिस तक डिविज़न के केवल कुछ कर्मचारी ही पहुँच पाएंगे, जिनके ऊपर डेटा प्रबंधन और निजता की ज़िम्मेदारी होगी। विद्यार्थियों द्वारा साझा की जाने वाली जानकारी गोपनीय होगी, यानी उसे स्कूल के कर्मचारियों, परिवार के सदस्यों या आम जनता के साथ साझा नहीं किया जाएगा।

माता-पिता की चिंताएं या प्रश्न

वे माता-पिता जो नहीं चाहते कि उनका बच्चा सर्वेक्षण में भाग ले, उन्हें इस निर्णय की जानकारी अपने बच्चे के स्कूल को देनी चाहिए। ऐसा फ़ोन कॉल के माध्यम से, व्यक्तिगत बातचीत द्वारा या लिखित में किया जा सकता है।

भविष्य को लेकर हमारी उम्मीद

एडमंटन पब्लिक स्कूल्स नस्लवाद को मिटाने और समानता लाने के लिए वचनबद्ध हैं। बदलाव को सार्थक बनाने का एक प्रमुख उद्देश्य विद्यार्थियों की पहचान के बारे में और जानना है। हम उम्मीद करते हैं कि इस सर्वेक्षण के माध्यम से हम उन कार्यों के बारे में जान पाएंगे जिनके ज़रिए ऐसा भविष्य तैयार किया जा सके जहाँ विद्यार्थियों को अपनापन महसूस हो और वे सफलता का अनुभव करें।

भवदीय,

Darrel Robertson
स्कूलों के अधीक्षक

निजी जानकारी को Freedom of Information and Protection of Privacy Act (FOIP) (सूचना की आज़ादी और निजता की सुरक्षा अधिनियम) की धारा 33(c) और Education Act (शिक्षा अधिनियम) के अनुसरण में इकट्ठा किया जाता है जिससे कि विद्यार्थियों, कर्मचारियों और आम जनता के लिए सौहार्दपूर्ण, स्नेही, सुरक्षित और सम्मानजनक वातावरण बनाया जा सके। FOIP से संबंधित कोई भी प्रश्न इस पते पर पूछा जा सकता है: Brenda Hoang, Division FOIP Office, Technology and Information Management, The Centre for Education, One Kingsway Avenue, Edmonton, Alberta, कनाडा।
फ़ोन: +1 780-429-8350.